राजकीय महाविद्यालय जुखाला बिलासपुर (हि०प्र०) -174033

Phone and Fax 01978-286201, E-mail :principalgcjukhala@gmail.com Website : https://gcjukhal.ac.in/.

Twitter :https://twitter.com/jukhalanss?t=vnvikrvuEKLgPZVi7kYufw&s=08

नीरज शर्मा का नॉर्थ जोन एनएसएस प्री-आरडी प्रशिक्षण के लिए चयन

राजकीय महाविद्यालय जुखाला के बी0ए0 द्वितीय वर्ष के छात्र नीरज शर्मा का नॉर्थ जोन एनएसएस प्री-आरडी प्रशिक्षण के लिए चयन हुआ है जिससे महाविद्यालय में चारों ओर खुशी की लहर है। नीरज शर्मा एवं मानसी शर्मा ने 17 सितंबर 2025 को जिला स्तरीय कैंप बिलासपुर में एवं 06 अक्टूबर 2025 को राज्य स्तरीय प्री-आरडी प्रशिक्षण कैंप राजीव गांधी राजकीय महाविद्यालय, चौड़ा मैदान (कोटशेरा) में भाग लिया था। जिसमें नीरज का चयन नॉर्थ जोन प्री-आरडी प्रशिक्षण के लिए हुआ है। अगला प्रशिक्षण 21 से 30 नवंबर के बीच चित्कारा विश्वविद्यालय पंजाब में होगा। 10 दिनों के इस प्रशिक्षण शिविर में स्वयंसेवक परेड, (मार्च पास्ट) समूह में रहना, अनेक अनुभवी व्यक्तियों का मार्गदर्शन, राष्ट्रीय एकता, संचार कौशल में विकास, नेतृत्व करने की शक्ति, एवं सांप्रदायिक सद्भाव की भावना इत्यादि का प्रशिक्षण ग्रहण करते हैं। महाविद्यालय के लिए यह बहुत बड़े गर्व की बात है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 ध्रुव पाल सिंह जी ने नीरज को बधाई देते हुए उस के उज्जवल भविष्य की कामना की है। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अमन शर्मा एवं महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने भी छात्र को बधाई देकर अग्रिम प्रशिक्षण के लिए शुभकामनाएं प्रदान की है ।

Prog. Officer NSS
G. C. Jukhala
Distt. Bilaspur (H.P.)

Scanned with OKEN Scanner

News Apni Aawaz · Follow

15 Nov 2025 ·

सरकारी कॉलेज जुखाला के बी.ए. द्वितीय वर्ष के छात्र एवं एनएसएस स्वयंसेवक नीरज शर्मा का चयन प्रतिष्ठित नॉर्थ ज़ोन एनएसएस प्री–रिपब्लिक डे परेड कैम्प के लिए हुआ है। यह कैम्प 21 से 30 नवंबर 2025 तक चितकारा विश्वविद्यालय, राजपुरा (पंजाब) में आयोजित किया जाएगा।

नीरज शर्मा का चयन कॉलेज के लिए अत्यंत गर्व का विषय है, जो उनकी निष्ठा, अनुशासन और एनएसएस गतिविधियों में सक्रिय योगदान को दर्शाता है। यह कैम्प उत्तर क्षेत्र के चुनिंदा स्वयंसेवकों को परेड अभ्यास, नेतृत्व विकास एवं सांस्कृतिक आदान–प्रदान का अनूठा अवसर प्रदान करता है।

कॉलेज के प्राचार्य डॉ. ध्रुव पाल सिंह तथा एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर श्री अमन शर्मा ने नीरज शर्मा को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी और आगामी कैम्प के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।

सहायक आचार्य अमन शर्मा,
एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी
राजकीय महाविद्यालय जुखाला

Prog. Officer NSS
G.C. Jukhala
Distt. Bilaspur (H.P.)

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय जुखाला

Principal
G. C. Jukhala
Bilaspur (H. P

Scanned with OKEN Scanner